# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
## बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-16

क्रमांक : एफ-21(2)/ला.भा.शा.रा.सं.वि./हि.रा.भा./2021-22/78। दिनांक 27.08.2026 31।

## हिंदी माह दिनांक 01.09.2026 से 30.09.2026 के संबंध में सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों, अधिकारियों/कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि हिंदी माह का शुभारम्भ दिनांक 01.09.2026 को अपराह्न 2:00 बजे वाचस्पति सभागार में किया जा रहा है तथा दिनांक 01.09.2026 से 30.09.2026 तक विश्वविद्यालय में हिंदी माह मनाया जा रहा है। हिंदी माह के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओ एवं कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार है :-

## गैर-शैक्षणिक अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का ब्यौरा

| क्र.सं. | कार्यक्रम/प्रतियोगिता का नाम | विषय | दिनांक | समय | आयोजन-स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दीप प्रज्वलन एवं हिंदी माह का शुभारंभ | माननीय कुलपति महोदय का सम्बोधन, सनिध्य कुलसचिव महोदय, वक्तव्य आचार्य जगदेव कुमार शर्मा | 01.09.2026 | अपराह्न 2:00 बजे | वाचस्पति सभागार |
| 2. | निबंध लेखन प्रतियोगिता *(समय: 30 मिनट)* | 1. स्वतंत्रता आंदोलन में वन्दे मातरम गीत की भूमिका<br>2. वर्तमान समाज में नारी का बदलता स्वरूप<br>3. राष्ट्रीय उत्थान में युवा पीढ़ी का योगदान<br>**नोट:** उपर्युक्त में से किसी एक विषय का चयन प्रतियोगिता के समय तत्काल किया जाएगा। | 02.09.2026 | अपराह्न 2:30 बजे | शैक्षणिक सदन के कात्यायन सभागार, समिति कक्ष सं. 03 |
| 3. | हिंदी टंकण प्रतियोगिता *(समय: 30 मिनट)* | — | 07.09.2026 | अपराह्न 2:30 बजे | कंप्यूटर लैब |
| 4. | श्रुतलेख लेखन प्रतियोगिता *(समय: 01 घंटा)* | — | 10.09.2026 | अपराह्न 2:30 बजे | शैक्षणिक सदन के कात्यायन सभागार, समिति कक्ष सं. 03 |
| 5. | हिंदी माह-2026 | माननीय मंत्री जी के संदेश का वाचन एवं सभी कार्मिकों के मध्य परिचालन | 14.09.2026 | पूर्वाह्न 11:30 बजे | वाचस्पति सभागार |
| 6. | नोटिंग-ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता ("क", "ख" एवं "ग" वर्ग | — | 17.09.2026 | अपराह्न 2:30 बजे | शैक्षणिक सदन के कात्यायन सभागार, समिति कक्ष सं. 03 |
| 7. | काव्य पाठ प्रतियोगिता | तुलसीदास, कबीरदास, रामधारी सिंह 'दिनकर' आदि अथवा किसी अन्य कवि की रचना | 24.09.2026 | अपराह्न 2:30 बजे | शैक्षणिक सदन के कात्यायन सभागार, समिति कक्ष सं. 03 |
| 8. | कार्यशाला | संघ की राजभाषा नीति के संबंध में सामूहिक चर्चा/परिचर्चा | 29.09.2026 | अपराह्न 2:30 बजे | वाचस्पति सभागार |

## छात्र-छात्राओं हेतु आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | विषय | दिनांक | समय | आयोजन-स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निबंध लेखन प्रतियोगिता *(समय: 30 मिनट)* | 1. देश का आधार शिक्षा और स्वास्थ्य<br>2. राष्ट्र की उन्नति मे युवाओं की भूमिका<br>3. एक भारत श्रेष्ठ भारत<br>**नोट:** उपर्युक्त विषयों में से किसी एक विषय का चयन प्रतियोगिता के समय तत्काल किया जाएगा। | 11.09.2026 | प्रातः 11:00 बजे | वाचस्पति सभागार |
| 2. | वाद-विवाद प्रतियोगिता | कृत्रिम बुद्धिमत्ता का शिक्षा पर प्रभाव : पक्ष और विपक्ष | 22.09.2026 | प्रातः 11:00 बजे | वाचस्पति सभागार |

कुलपति महोदय द्वारा सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार समापन समारोह के दिन दिनांक 30 .09.2026 को अपराह्न 03:00 बजे वाचस्पति सभागार में प्रदान किए जाएँगे।

गैर-शैक्षणिक अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपना नाम श्रीमती वन्दना, अनुभाग अधिकारी (प्रशासन-I) एवं छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपना नाम डॉ. नीरज भारद्वाज, सहायक प्रोफेसर (अतिथि अध्यापक) को दिनांक 01.09. 2025 को अपराह्न 4:00 बजे तक अपना नाम लिखवा दें।

सभी शैक्षणिक/गैर-शैक्षणिक अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति दिनांक 1 सितंबर 2026 को अपराह्न 2:00 बजे वाचस्पति सभागार में दीप प्रज्वलन एवं हिंदी माह के शुभारंभ के लिए उपस्थिति अनिवार्य है।

यह सूचना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति उपरांत निर्गत की जा रही है।

**सहायक कुलसचिव**
**(हिंदी राजभाषा प्रकोष्ठ)**

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-

1. समस्त अध्यापकगण, अधिकारीगण/कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राएँ
2. कनिष्ठ अभियंता को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक 01.09.2026 से 30.09.2026 तक कुर्सियों एवं दरियाँ शैक्षणिक सदन के कात्यायन सभागार, समिति कक्ष सं. 03 एवं वाचस्पति सभागार आदि की व्यवस्था करवाने हेतु
3. कनिष्ठ अभियंता विद्युत को इस आशय से प्रेषित है कि बिजली, माइक की व्यवस्था दिनांक 01/09/2026 से 30/09/2026 तक करवाने हेतु
4. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित है कि वे इस सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की व्यवस्था करें तथा समस्त अध्यापकगण, अधिकारीगण/कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राओं को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित करें और दिनांक 01.09.2026 से 30.09.2026 तक फोटोग्राफी एवं कम्प्यूटर लैब आदि की व्यवस्था करें।
5. विकास विभाग को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक 01.09.2026 से 30.09.2026 तक शैक्षणिक सदन के कात्यायन सभागार, समिति कक्ष सं. 03 एवं वाचस्पति सभागार आदि की व्यवस्था करवाने हेतु
6. कुलपति, कुलसचिव एवं विताधिकारी के निजी सचिव
7. जनसम्पर्क अधिकारी
8. संबंधित पंजिका

भारती त्रिपाठी

**सहायक कुलसचिव**
**(हिंदी राजभाषा प्रकोष्ठ)**

31.08.26

Ishwar
Sachin
Sameer

31/08/26